दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 48 | जयपुर, शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

**प्रधानमंत्री ने नेपाल में शांति और स्थिरता की बहाली तथा लोगों की प्रगति के लिए भारत का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया**

## प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बातचीत की

- **प्रधानमंत्री ने नेपाल में हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की**

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और भारत सरकार तथा भारत के लोगों की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं। मोदी ने नेपाल में हाल में हुए ।

विरोध प्रदर्शनों के दौरान जान-माल के नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच विशेष सम्बन्धों को और सुदृढ़ बनाने के लिए घनिष्ठतापूर्वक कार्य जारी रखने के प्रति भारत की तत्परता व्यक्त की। उन्होंने नेपाल में शांति और स्थिरता की बहाली की दिशा में नेपाल के प्रयासों के लिए भारत का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने नेपाल को भारत के दृढ़ समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया और दोनों देशों के बीच सम्बन्धों को और सुदृढ़ करने की प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा दोहराई। प्रधानमंत्री ने नेपाल के आगामी राष्ट्रीय दिवस के लिए भी बधाई दी। दोनों नेताओं ने संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई।



## एक नज़र

### कृषि मशीनरी पर जीएसटी सुधारों को लेकर शिवराज चौहान कल करेंगे बैठक




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को नई दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रीकरण संघ, कृषि मशीनरी निर्माता संघ, अखिल भारतीय कम्बाइन हार्वेस्टर निर्माता संघ तथा पावर टिलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित अन्य संबंधित संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कृषि मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक का उद्देश्य कृषि मशीनरी एवं उपकरणों पर हाल ही में घोषित जीएसटी दरों में कमी (12-18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत) के निर्णय पर चर्चा करना, किसानों तक इसके लाभों का व्यापक प्रसार सुनिश्चित करना और सुधार उपायों के सुचारू क्रियान्वयन की रणनीति बनाना होगा। मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा जीएसटी में कमी से ट्रैक्टर व अन्य मशीनरी की कीमतें किसानों के लिए 7 से 13 प्रतिशत तक घटेंगी।

## वोट को ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता, राहुल गांधी के समझने में गलती: चुनाव आयोग

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आज एक पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए गए आरोपों को गलत और बेबुनियाद बताया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि बिना सुनवाई के और वह भी ऑनलाइन माध्यम से किसी का भी नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जा सकता। इस तरह का 2023 में प्रयास किया गया था जिस पर स्वयं आयोग ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। राहुल गांधी ने आज कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि 6 हजार से अधिक लोगों के वोट कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र से हटाए गए। चुनाव आयोग ने इस पर कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत और निराधार हैं। कोई आम नागरिक किसी के भी वोट को ऑनलाइन नहीं हटा सकता। साथ ही प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना भी वोट को हटाया नहीं जा सकता। राहुल के पत्रकार वार्ता में दिए ।

## नीतीश कुमार और अमित शाह की बंद कमरे में मुलाकात, बिहार चुनाव में राजग सीट बंटवारे पर मंथन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना के होटल मौर्या में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बंद कमरे में करीब आधे घंटे तक बात की। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह मुलाकात सियासी हलकों में चर्चा का विषय बन गई है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट बंटवारे और चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। मुलाकात में जदयू और भाजपा के वरिष्ठ नेता, जैसे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, विजय कुमार चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल मौजूद रहे। पटना में दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद गृहमंत्री अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन पहुंच गए हैं। उनके साथ दोनों उपमुख्यमंत्री (विजय सिन्हा-सम्राट चौधरी) और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल भी मौजूद हैं। कुछ ही देर में वे शाहाबाद प्रक्षेत्र और मगध के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल भाजपा, जदयू,



हम, लोजपा (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बीच सीट बंटवारे को लेकर अभी जोर-शोर से चर्चा चल रही है। कई सीटों पर सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है, क्योंकि जीतन राम मांझी 15-20 सीटों की मांग कर रहे हैं, वहीं चिराग पासवान जदयू की मजबूत सीटों पर दावा ठोक रहे हैं, जिससे पेंच फंस गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया दौरे के बाद अमित शाह का यह दौरा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

### ईएसआईसी अस्पताल व्यापक स्वास्थ्य पहलों के साथ स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन कर रहे हैं

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के साथ संयुक्त रूप से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक संचालित होने वाले पखवाड़े के अंतर्गत एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य अभियान-स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर, 2025 को 8वें राष्ट्रीयइस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर, 2025 को 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के औपचारिक शुभारंभ के साथ किया था। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), देश भर के 160 ईएसआई अस्पतालों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में भागीदारी कर रहा है।

## आधारहीन आरोप लगाना राहुल गांधी की आदत: अनुराग ठाकुर



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तंज कसा है। भाजपा ने कहा कि हाइड्रोजन बम फोड़ने वाले थे, लेकिन सिर्फ फुलझड़ी से ही काम चलाना पड़ा है ओर वो भी फुस्स हो गयी। आधारहीन आरोप लगाना इनकी आदत बन गई है। राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि उन्होंने (राहुल) आरोपों की राजनीति को अपना आभूषण बना लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव दर चुनाव हार और जनता से नकार दिए जाने वाले एक नेता, जिनके नेतृत्व में करीब 90 चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। उनकी हताशा-निराशा लगातार बढ़ती जा रही है और आरोपों की राजनीति को राहुल ने अपना आभूषण बना लिया है। उन्होंने कहा कि जब इनके द्वारा लगाए गए आरोपों को सत्यापित करने के लिए कहा जाता है तो पीठ दिखाकर भाग जाते हैं, शपथ पत्र देने को कहा जाता है।तो मुकर जाते हैं। आधारहीन आरोप लगाना इनकी आदत बन गई है। सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा है कि ऑनलाइन किसी भी वोट को नहीं काटा जा सकता है और बगैर किसी की बात सुने उसका वोट नहीं काटते, उस पर निर्णय नहीं करते। राहुल का आरोप है।

**सामरिक महत्व सैन्य अभियानों के बारे में जनरल द्विवेदी को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई**

## सेना प्रमुख ने लिकाबाली सैन्य अड्डे का दौरा करके एलएसी पर देखीं युद्ध की तैयारियां



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच सैन्य संरचना की युद्ध तत्परता का आकलन करने के लिए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के लिकाबाली सैन्य अड्डे का दौरा किया। सैन्य अधिकारियों ने जनरल द्विवेदी को कई महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी, जिनमें परिचालन रणनीतियां, आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ प्रौद्योगिकी का एकीकरण करने के साथ ही राष्ट्रीय विकास की पहल शामिल हैं। चीन के सैनिकों के साथ 2020 में गलवान घाटी हिंसक संघर्ष के बाद से इस क्षेत्र में 60 हजार से अधिक सैनिकों की तैनाती है। इसके साथ ही विवादित मैकमोहन रेखा के पास स्थित अरुणाचल प्रदेश का सामरिक महत्व सैन्य अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। भारत के 30वें सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद जनरल द्विवेदी की यह यात्रा भारतीय सेना की पूर्वोत्तर सीमाओं पर उच्च स्तर की तत्परता और परिचालन क्षमता का आकलन करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। क्योंकि वर्तमान भू-राजनीतिक परिवेश में यह एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। अरुणाचल प्रदेश के लिकाबाली सैन्य अड्डे के इस आधिकारिक दौरे का उद्देश्य एलएसी पर चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच सैन्य संरचना की युद्ध तत्परता का आकलन करना था। जनरल द्विवेदी ने सैन्य संरचना की युद्ध तैयारियों की समीक्षा की।

### एसबीआई ने सीएसआर पहल के अंतर्गत लेह स्थित राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान को स्कूल बस दान की

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत लेह स्थित राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान (एनआईएसआर) को एक स्कूल बस दान की है। एसबीआई के चंडीगढ़ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण शर्मा ने आज लेह में एनआईएसआर की निदेशक डॉ. पद्मा गुरमेत को यह वाहन औपचारिक रूप से सौंपा।इस समारोह में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के उप महाप्रबंधक, व्यवसाय एवं परिचालन, जयंत मणि, एसबीआई लेह शाखा के मुख्य प्रबंधक अनिल टंडन, भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा एनआईएसआर के संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

## चार्ली किर्क की हत्या का राजनीतिक इस्तेमाल कर ट्रंप दे रहे विभाजन को बढ़ावा: पूर्व राष्ट्रपति ओबामा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



देश के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप और उनके सहयोगी रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या का राजनीतिक इस्तेमाल कर विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं। यह लोग नहीं चाहते कि किर्क के विचारों पर बहस हो। ओबामा ने यह टिप्पणी मंगलवार को पेंसिल्वेनिया के एरी में आयोजित जेफरसन एजुकेशनल सोसाइटी के 17वें वार्षिक वैश्विक शिखर सम्मेलन में की। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ओबामा ने कहा कि हाल के दिनों में ट्रंप की अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर किए गए हमलों और किर्क की हत्या के बाद अपने विरोधियों को दबाने के लिए कठोर कार्रवाई की धमकियों ने देश में तनाव बढ़ा दिया है। ओबामा ने कहा, जब मैं वर्तमान राष्ट्रपति और उनके सहयोगियों को भी सुनता हूं तो कोफ्त होती है। यह लोग अपने राजनीतिक विरोधियों को कीड़ा कहते हैं। यह एक व्यापक समस्या की ओर इशारा करता है। पिछले हफ्ते यूटा में एक विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ओबामा ने किर्क की मौत को भयावह और दुखद बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिकियों को किर्क के विचारों पर बहस करने का अधिकार होना चाहिए। ओबामा ने कहा, चाहे हम डेमोक्रेट हों, रिपब्लिकन हों या स्वतंत्रहमें यह स्वीकार करना होगा कि दोनों पक्षों में निस्संदेह ऐसे लोग हैं जो अतिवादी हैं और जो ऐसी बातें कहते हैं ।







CMYK

## संपादक की कलम से....

# न्याय के हथियार का गलत इस्तेमाल: निर्दोष फँसे, अपराधी बचे



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

कानून किसी भी लोकतांत्रिक समाज की रीढ़ होता है। यह नागरिकों को सुरक्षा, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी देता है। संविधान से लेकर छोटे-छोटे नियम-कायदों तक, सभी का उद्देश्य यही है कि समाज में अनुशासन और व्यवस्था बनी रहे। लेकिन जब इन्हीं कानूनों का उपयोग गलत दिशा में किया जाने लगता है, तो यह लोकतंत्र और न्याय प्रणाली के लिए खतरे का संकेत बन जाता है। आज हमारे देश में कानून का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है और यह समाज की बड़ी समस्या बनकर सामने आ रहा है। राजनीति में विरोधियों को नीचा दिखाने, उन्हें परेशान करने या सत्ता बनाए रखने के लिए कानून का सहारा लिया जाता है। एजेंसियों का दुरुपयोग कर नेताओं पर झूठे मुकदमे थोपना आम हो गया है। कई बार लोग व्यक्तिगत रंजिश के चलते झूठे केस दर्ज करवा देते हैं। घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, जमीन-जायदाद विवाद जैसे मामलों में अक्सर सच्चाई और झूठ की पहचान करना कठिन हो जाता है। रिश्वत और प्रभाव के कारण असली अपराधी बच जाते हैं जबकि निर्दोष लोग जेल की सलाखों के पीछे धकेल दिए जाते हैं। शक्तिशाली लोग कानून को अपने हिसाब से मोड़ लेते हैं। लंबे मुकदमे और कानूनी पेचिदगियां भी दुरुपयोग का रास्ता खोलती हैं। विलंबित न्याय का फायदा उठाकर कई लोग अपने स्वार्थ पूरे कर लेते हैं। झूठे मुकदमों के कारण निर्दोष लोग वर्षों तक न्याय की लड़ाई लड़ते रहते हैं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा, धन और मानसिक शांति सब नष्ट हो जाती है। अदालतों में पहले ही लाखों मामले लंबित हैं, झूठे मुकदमों से यह बोझ और बढ़ जाता है। जब आम नागरिक देखता है कि कानून का इस्तेमाल न्याय के लिए नहीं बल्कि प्रताड़ित करने के लिए हो रहा है, तो उसका भरोसा व्यवस्था पर से उठने लगता है। दुरुपयोग से समाज में भय, अविश्वास और असुरक्षा की भावना पनपती है। पुराने और अस्पष्ट कानूनों को समय अनुसार बदलना होगा ताकि उनका गलत फायदा न उठाया जा सके। झूठे मुकदमों की जल्द सुनवाई कर उन्हें खारिज करने के लिए विशेष अदालतें बननी चाहिए। जो लोग कानून का गलत इस्तेमाल करते हैं, उन पर कठोर कार्रवाई जरूरी है। जांच एजेंसियों और पुलिस को राजनीतिक और बाहरी दबाव से मुक्त करना होगा। नागरिकों को शिक्षित करना होगा कि कानून का उद्देश्य सुरक्षा और न्याय है, प्रतिशोध लेना नहीं। कानून तभी सार्थक है जब उसका इस्तेमाल न्याय और समाज के कल्याण के लिए किया जाए। यदि यह हथियार बनकर निर्दोषों को नुकसान पहुँचाने लगे, तो लोकतंत्र की आत्मा ही आहत होती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि कानून को दुरुपयोग से बचाया जाए और उसे सही मायने में जनहित का रक्षक बनाया जाए। कानून का सम्मान करना हर नागरिक का दायित्व है और इसका सही उपयोग करना समाज के लिए नैतिक कर्तव्य।

# मठ–मंदिरों की भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर पुजारियों का आक्रोश



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजस्थान के ऐतिहासिक मठ– मंदिरों और उनसे जुड़ी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण तथा पुजारियों के उत्पीड़न के खिलाफ अब आवाज बुलंद हो रही है। इसी के चलते गुरुवार को जयपुर में शहीद स्मारक पर राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ के बैनर तले प्रदेश भर से सैकड़ों मठ–मंदिरों से पहुंचे पुजारियों और महंतों ने विरोध–प्रदर्शन कर धरना दिया। राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ ने आरोप लगाया कि वर्षों से पुजारियों को न्याय से वंचित रखा गया है और सरकार व प्रशासन तमाम शिकायतों के बावजूद उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान सहाय ने कहा कि मठ– मंदिर न केवल पूजा स्थल हैं बल्कि संस्कृति, इतिहास और लोक आस्था के प्रतीक भी हैं। इसके बावजूद कई स्थानों पर मंदिर भूमि पर अवैध कब्जा, कॉलोनियां और व्यावसायिक निर्माण धड़ल्ले से किए जा रहे हैं। संघ का कहना है कि मंदिर पुजारियों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है, यहाँ तक कि कई मामलों में उन पर झूठे मुकदमे भी दर्ज किए गए हैं। सभी सभी मठ–मंदिरों से जुड़े हुए पदाधिकारी ने मांग की गई है कि सभी मठ– मंदिरों की भूमि को अभिलेखों में सही दर्ज किया जाए।

## महिला सशक्तिकरण की पहचान बनेगा 'नारी चौपाल' कार्यक्रम

# 24 सितंबर को जालसू पंचायत समिति में होगा पहले नारी चौपाल का आयोजन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार सक्षम जयपुर अभियान एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिले के प्रत्येक उपखंड पर नारी चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नारी चौपाल के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी श्री मृणाल ने बताया कि पहला नारी चौपाल कार्यक्रम 24 सितम्बर को जालसू पंचायत समिति में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाना है। नारी चौपाल में महिलाओं को सरकार की योजनाओं, अधिकारों और कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि नारी चौपाल के माध्यम से समाज में लिंगानुपात सुधार, महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने, तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया जाएगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं, नियमों और अधिनियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि समतामूलक समाज का निर्माण हो सके। नारी चौपाल कार्यक्रमों में महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, शिक्षा, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। ये अधिकारी महिलाओं के साथ सीधा संवाद कर उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, पोषण, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को प्रेरित करने के लिए सफलता की कहानियाँ और अनुभव भी साझा किए जाएंगे। साथ ही चौपाल स्थल पर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सहायता काउंटर भी लगाए जाएंगे, ताकि महिलाओं को मौके पर ही आवश्यक जानकारी और सहयोग मिल सके। नारी चौपाल महिलाओं के लिए केवल संवाद का मंच नहीं होगा, बल्कि यह उन्हें आत्मविश्वास, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने का अवसर भी प्रदान करेगा। इससे महिलाओं तक सरकार की योजनाएँ अधिक प्रभावी ढंग से पहुँचेंगी और समाज में उनकी भागीदारी और अधिक मजबूत होगी। 24 सितम्बर से शुरू हो रही नारी चौपाल श्रृंखला से जिले की हजारों महिलाओं को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध होगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में उमड़े रक्तदाता, 250 यूनिट रक्त एकत्रित




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजधानी जयपुर में स्वर्गीय राजेंद्र मावर की पंचम पुण्यतिथि पर आयोजित 5वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान 250 यूनिट रक्त एकत्रित कर अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों के लिए भेजा गया। इसके अलावा रक्तदान शिविर पर पहुंचे रक्तदाताओं को सम्मान और सर्टिफिकेट दिया गया। शिविर का आयोजन गुरुवार को न्यू सांगानेर रोड,स्वेज फार्म,सोडाला स्थित होटल रॉयल अक्षयम में किया गया। आयोजनकर्ता सागर मावर ने बताया कि यह शिविर उनके पिता की स्मृति में हर साल आयोजित किया जाता है, ताकि समाज सेवा और मानवता को बढ़ावा मिल सके। वही पिताजी के आदर्शों पर चलकर सेवा कार्य आगे भी जारी रहेगा । श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश संगठन महासचिव ललित तुनवाल, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, डॉ. अर्चना शर्मा, आर.आर. तिवाड़ी, अभिषेक चौधरी, जसवंत गुर्जर, राजेंद्र सैन, हरसहाय यादव सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय लोग और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजक सागर मावर ने कहा कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त एकत्रित करना और मानवता के इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाना है। श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय राजेंद्र मावर के योगदान को याद किया गया और सभी से रक्तदान शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

### श्री नहर के गणेशजी महाराज का गुरु पुष्य पर हुआ दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

ब्रह्मपुरी माऊण्ट रोड़ पर स्थित अतिप्राचीन दाहिनीं सूँड़ दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में प्रथम पूज्य गणपतिजी महाराज का मंदिर परिवार द्वारा दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक किया गया । मंदिर युवाचार्य पंडित मानव शर्मा ने बताया कि उदियात में गुरुवार को पुष्य नक्षत्र होने से प्रातः शुभ मुहूर्त में मंदिर महंत पंडित जय शर्मा के सान्निध्य में प्रभु गजानंद जी का मंदिर परिवार द्वारा दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक किया गया। श्राद्धपक्ष में गुरुवार के दिन आये पुष्य नक्षत्र पर गणपति का अभिषेक करना अनंत फल प्रदान करता है तथा पूर्वजों की कृपा प्राप्त होती है । सायंकालीन महाआरती 251 दीपकों से की गई एवं मंदिर में दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को सुख-समृद्धि दायक तथा विघ्ननिवारक रक्षा सूत्र वितरित किए गये ।

### प्रशिक्षु आरपीएस अधिकारियों का दीक्षांत परेड समारोह आज, भजनलाल शर्मा होंगे मुख्य अतिथि




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजन लाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित परेड ग्राउंड में शुक्रवार को प्रातः 8.30 बजे आरपीएस प्रोबेशनर बैच संख्या 55 का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर पुरस्कृत भी किया जायेगा । राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एस सेंगाथिर ने बताया कि दीक्षांत परेड के अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा परेड का निरीक्षण करेंगे तत्पश्चात परेड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया जाएगा। कार्यक्रम में महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा समेत पुलिस के आला अधिकारी और प्रशिक्षणार्थियों के परिजन भी उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण एवं शस्त्र शपथ ली जाएगी।

## महोत्सव में झांकियां, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

# जयपुर में 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक होगा भव्य रामलीला महोत्सव, 25 को निकलेगी श्रीराम बारात और 2 अक्टूबर को होगा रावण दहन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर




गुलाबी नगरी जयपुर अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी श्री सनातन धर्म महोत्सव समिति जयपुर की ओर से 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक रामलीला का मंचन रामलीला मैदान, न्यू गेट, जयपुर पर होगा। श्री सनातन धर्म महोत्सव समिति (रजि.) जयपुर के अध्यक्ष नवनीत मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 22 सितम्बर को गणेश पूजन और नारद मोह लीला से होगी। इसके बाद राम जन्म, अहिल्या उद्धार, ताड़का वध, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर से लेकर लंका विजय और राम राज्याभिषेक तक सभी प्रमुख प्रसंग मंचित होंगे। 25 सितंबर को विशेष आकर्षण रहेगा, जब श्री राम की भव्य बारात प्राचीन श्रीरामचंद्रजी मंदिर, चांदपोल बाजार से निकलेगी और छोटी चौपड़, त्रिपोलिया, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट से होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी। इस दौरान शहरवासी बारात का स्वागत करेंगे। 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर 51 फुट ऊंचे रावण का दहन होगा, जो इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही स्वचालित झांकियां, चित्रकला प्रदर्शनी, मेहंदी कार्यक्रम, रामायण पात्र वेशभूषा प्रतियोगिता तथा नवदुर्गा झांकी भी आयोजित की जाएगी। बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी मेले का हिस्सा होंगे। इस अवसर पर देशभर से प्रसिद्ध कलाकार मथुरा से आमंत्रित किए गए हैं। प्रतिदिन संत-समाज और विशिष्ट नागरिकों की उपस्थिति से यह आयोजन और भी भव्य बनेगा।

# आइडियाथॉन 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, स्कूली स्टूडेंट्स को मिलेगा मंच

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से निपटने के लिए समाधान खोजने वाले स्टूडेंट्स को आइडियाथॉन 2025 के अंतर्गत पुरस्कृत करेगा। यह आइडियाथॉन का दूसरा एडिशन है, जिसमें इस कक्षा 10, 11 और 12 के स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकेंगे एवं इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो कि 5 अक्टूबर तक जारी रहेगी। प्रत्येक टीम के 3 से 5 स्टूडेंट्स शामिल हो सकेंगे। इस प्रतियोगिता में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से संबंधित स्थानीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए 1,00,000 रुपये, 75,000 रुपये और 50,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। पहले एडिशन में गत वर्ष कोयंबटूर , दुर्गापुर और बेंगलुरु के स्कूल ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए थे। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ विजयशेखर चेलाबोइना ने बताया कि यह आइडियाथॉन छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं पर अपने ज्ञान को लागू करने, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रतिभागियों को वैश्विक दृष्टिकोण पर विचार करते हुए स्थानीय मुद्दों की गहरी समझ हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## प्रसाद में दिए जाएंगे पौधे, पांच हजार पौधों से होगा मातारानी का श्रृंगार

# खूंटी पूजा के साथ दुर्गा पंडाल निर्माण की शुरू



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

शारदीय नवरात्र में छोटीकाशी में सैंकड़ों स्थानों पर दुर्गा माता की आराधना की जाएगी। सुबह हवन-महाआरती और शाम को जागरण होगा। मातारानी के समक्ष डांडिया नृत्य होगा। इसी कड़ी में मुरलीपुरा के गणपति पैराडाइज में गुरुवार को अग्रणी पूजा महोत्सव संघ ने खूंटी पूजा के साथ दुर्गा पूजा उत्सव की शुरुआत की।

इसके साथ ही पंडाल निर्माण की प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इस बार दुर्गा पूजा महोत्सव पर्यावरण संरक्षण को समर्पित होगा। मुख्य अतिथि सनातन बोर्ड संघर्ष समिति राजस्थान के संयोजक राहुल द्विवेदी ने रूप में श्री राहुल द्विवेदी ने खूंटी पूजन कर मातारानी की आराधना की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मां दुर्गा को फूलों या माला की बजाय पौधे अर्पित करें, जिससे हरियाली को बढ़ावा मिल सके। पंडाल का निर्माण कार्य पूरा होने पर इसे 5000 पौधों से सजाया जाएगा। पौधों को बाद में भक्तों को तरु प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।

अग्रणी पूजा महोत्सव संघ के अध्यक्ष देव चक्रवर्ती ने बताया कि यह पांच दिवसीय त्योहार बंगाली संस्कृति की समृद्धि का प्रदर्शन करेगा। इस साल की पूजा में एक अद्वितीय दुर्गा प्रतिमा का निर्माण किया गया है। जिसे पत्तियों से सजाया गया है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितंबर को बांसवाड़ा में परमाणु ऊर्जा परियोजना की देंगे सौगात: मदन राठौड़

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ डूंगरपुर–बांसवाड़ा प्रवास पर है। इस दौरान सेवा पखवाडा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और जीएसटी नेक्स्ट रिफॉर्म्स जैसे विषयों पर राठौड़ ने मीडिया को संबोधित किया। राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्तमंत्री तथा केन्द्र-राज्य सरकारों के प्रयासों की प्रशंसा की और आम नागरिकों से स्वदेशी सामान अपनाने, स्थानीय उद्यमों का सहयोग करने तथा विकास के राष्ट्रीय लक्ष्य में साथ देने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बांसवाड़ा में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितंबर को बांसवाड़ा में होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रम में परमाणु ऊर्जा परियोजना की सौगात देंगे। 45000 करोड़ की इस परियोजना के शुरू होने के बाद 2800 मेगावॉट ऊर्जा प्राप्त होगी। यह राजस्थान और देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगी। इस परियोजना से क्षेत्रीय आधारभूत संरचना, बिजली-सुरक्षा, रोजगार और निवेश को मजबूती मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान राज्य तथा केंद्र के वरिष्ठ नेतृत्व, केंद्रीय एवं राज्य मंत्री, जनप्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। यह अवसर बांसवाड़ा जिले तथा आसपास के जिलों के सर्वांगीण विकास के लिए निर्णायक साबित होगा। राठौड़ ने कहा कि विकास-कार्य और राष्ट्रनिर्माण के प्रयासों को बाधित करने वाली विखंडनकारी शक्तियों को किसी भी कीमत पर बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। यह अवसर बांसवाड़ा जिले तथा आसपास के जिलों के सर्वांगीण विकास के लिए निर्णायक साबित होगा। राठौड़ ने कहा कि विकास-कार्य और राष्ट्रनिर्माण के प्रयासों को बाधित करने वाली विखंडनकारी शक्तियों को किसी भी कीमत पर बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, पर समाज को बाँटने, सांस्कृतिक ध्वंस या भाई-भाई को लड़ाने वाले हर प्रयास का निर्णायक रूप से विरोध किया जाना चाहिए। ऐसे प्रयासों को सामाजिक एवं कानूनी रूप से नकारा जाना चाहिए ताकि विकास का मार्ग सुचारु बना रहे। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि विदेशों द्वारा अधिक टैरिफ लगाने की कोशिशें भारत पर असर नहीं डाला पाएंगी, क्योंकि हमारी देशी उत्पादन क्षमता, कुटीर-उद्योगों और उद्यमियों की प्रतिस्पर्धात्मक ताकत ऐसी है कि हम सस्ती और गुणवत्तापूर्ण माल दुनिया को उपलब्ध कराते हैं। इतना ही नहीं, अमेरिका टैरिफ बढ़ाकर महंगा माल थोपेगा तो उसके नागरिक को वह महंगा पड़ेगा। भारत ने वह प्रतिस्पर्धा दिखाई है कि हमारा माल उसी कीमत पर बनाना किसी और देश के बस की बात नहीं है। हमारा उद्यमी तैयार है, हमने बाजार ढूँढ लिया है और निर्यात की स्थिति में मजबूती से खड़े हैं।।

### महाराज अग्रसेन का तीन दिवसीय महोत्सव कल से

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

अग्रवाल समाज के प्रवर्तक एवं प्रथम पूज्य महाराज अग्रसेन की 5149वीं जयंती इस वर्ष राजधानी जयपुर सहित संपूर्ण देशभर, विश्वभर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। अग्रवाल समाज सेवा समिति टोंक रोड, जयपुर द्वारा इस अवसर पर 20 से 22 सितंबर तक तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को समिति के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों सहित समाज की महिला व पुरुषों ने महेश नगर स्थित अग्रवाल सेवा सदन में आयोजन आमंत्रण पत्र का विमोचन किया और बताया गया कि अब तक करीब 8000 से अधिक अग्रबंधुओ को आयोजन के लिए घर - घर जाकर आमंत्रण दिया जा चुका है। समिति उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने बताया कि मुख्य आयोजन 22 सितंबर, सोमवार को त्रिवेणी नगर सामुदायिक केंद्र पर प्रातः 11 बजे से होगा, जिसमें 10 हजार से अधिक अग्रबंधुओं की सामूहिक गोठ और विशाल सभा का आयोजन होगा। इस सभा में वरिष्ठ नागरिक (75 वर्ष या अधिक आयु) का सम्मान, मेधावी छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय/राजकीय स्तर पर पुरस्कृत समाज बंधुओं का अभिनंदन, आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आरएएस, आरजेएस चयनित श्रेष्ठि अग्रबंधुओं का सम्मान समिति द्वारा किया जाएगा।

# भाजपा सरकार की खेल विरोधी नीतियों को जन जन तक लेकर जाएगा खेल प्रकोष्ठ

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर





राजधानी जयपुर में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ की बैठक में भाजपा सरकार की खेल विरोधी नीतियों और खिलाड़ियों के साथ हो रहे अन्याय पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह माना गया कि भाजपा सरकार ने खिलाड़ियों के भविष्य से खिलवाड़ किया है और राजस्थान में खेल संस्कृति को बर्बाद करने का काम किया है। खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव श्री ललित तुनवाल, विशिष्ट अतिथि जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री आर आर तिवारी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव अयूब खान, पंकज शर्मा, इक़बाल खान, अशीम खान, लक्ष्मीकांत, कृष्ण कुमार शर्मा, विष्णु प्रसाद डांगी, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर सादिक चौहान, घासीलाल और फुटबाल प्लेयर मंजूर बैग सहित कई वक्ताओ ने अपने विचार रखे। और मंच का संचालन रवि सिंगदार ने किया। प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव ललित तुनवाल ने कहा भाजपा सरकार ने खेल बजट में कटौती करके लाखों खिलाड़ियों का भविष्य अंधकार में धकेला। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को समय पर पुरस्कार और नौकरी नहीं दी गई, खेल मैदान और स्टेडियम अधूरे पड़े हैं, अकादमियाँ बंद कर दी गईं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन घटाकर खिलाड़ियों को अवसर से वंचित किया गया। कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमीन पठान ने बताया कि खेल संघों में नेताओं और अधिकारियों की दबंगई से खिलाड़ियों की प्रतिभा कुचल दी गई। युवाओं के लिए खेल और रोजगार जोड़ने वाली योजनाएं बंद कर दी गईं। पठान ने कहा की हमारा संकल्प है की खेल प्रकोष्ठ का एक एक कार्यकर्ता प्रदेश के खिलाड़ियों और युवाओं के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगा। हमारी मांग रहेगी की हर जिले में आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति और सरकारी नौकरी में प्राथमिकता दी जाए भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के नाम ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल महोत्सव आयोजित करना हमारा प्रथम लक्ष्य रहेगा।जयपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर आर तिवारी ने कहा कि अमीन पठान अकेले नहीं है पूरी कांग्रेस परिवार उनके साथ है, अमीन पठान खेल प्रकोष्ठ के माध्यम से युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़कर राहुल गांधी के भाजपा सरकार के खिलाफ वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को मजबूती प्रधान करेंगे।

# मेंटल हेल्थ पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज के एनएसएस क्लब एवं यूनिसेफ के सहयोग से सात दिवसीय कार्यक्रम मन दर्पण- किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य- कारण और निवारण विषय पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, इसके कारणों, निवारक रणनीतियों और सकारात्मक स्वास्थ्य के विकास के महत्व के बारे में छात्रों में जागरूकता फैलाना था। सत्र की शुरुआत में डॉ. शिल्पिका तिवारी ने छात्रों को अपनी मानसिक क्षमता को मजबूत करने, प्रभावी तनाव प्रबंधन तकनीकों को अपनाने और अपने दैनिक जीवन में भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद, डॉ. विनोद कुमार जैन ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारणों, निवारक उपायों और अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में आत्म-देखभाल, पारिवारिक सहयोग और साथियों के प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों और संकाय सदस्यों, दोनों ने उत्साह के साथ आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली रहा। पोद्दार ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने बताया कि मन दर्पण आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जो छात्रों के करियर एवं चरित्र निर्माण के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।

# जर्जर मकान ढहने से बुजुर्ग महिला की मौतः बचाव का प्रयास करते बहू हुई घायल

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



सुभाष चौक थाना इलाके में गुरुवार को तेज धमाके के साथ एक जर्जर मकान ढ़ह गया। जिसमें एक बुजुर्ग महिला दब गई। बुजुर्ग सास को बचाने के प्रयास में बहू उसके ऊपर लेट गई। जिससे सास -बहु दोनो ही मकान के मलबे में दब गए। तेज धमाके की आवाज सुन आसपास के स्थानीय लोग घटना स्थल पर जमा हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और रेस्क्यू टीम ने राहत कार्य शुरु करते हुए मलबे में दबी दोनो महिलाओं को बाहर निकाल तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में बहू घायल हो गई।

**'तेज धमाके की आवाज सुन दौड़ आठ -दस युवा'** सुभाष चौक थाना अधिकारी लिखमाराम ने बताया कि सुभाष चौक इलाके में स्थित झिलाई हाउस में गुरुवार सुबह सात बजे जर्जर मकान तेज धमाके के साथ जमीदोंज हो गया। बताया जा रहा है कि मकान मालिक प्रदीप शाह कुछ ही दूरी पर अपने दूसरे घर में परिवार सहित रहता है। प्रदीप ने निगरानी करने के लिए घन्नी बाई (60) को ये मकान रखा था। धन्नीबाई अपनी बहू सुनीता (35) के बच्चों के साथ इस हवेली में रहती थी। हादसे के वक्त दोनो बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे।

स्थानीय निवासी पांच फीट का गेट कूद कर जर्जर मकान के अंदर पहुंचे और रेस्क्यू शुरु किया। आठ -दस युवा ने एक साथ लेकर सास और बहू को मलवे से बाहर निकाल और तुरंत अस्पताल के लिए रवाना किया।

**'नगर निगम के फूले हाथ-पांव'** अल सुबह जर्जर मकान के ढह जाने की सूचना पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई।

जिसके बाद पुलिस जाप्ता और नगर निगम हेरिटेज के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद मकान मालिक प्रदीप शाह और नगर निगम हेरिटेज के अधिकारी नोटिस कार्रवाई पर बहस करते नजर आए। नगर निगम हेरिटज उपायुक्त सीमा चौधरी ने इस बिल्डिंग को गिराने वाला नोटिस दिखाया।

उनका दावा है कि मकान मालिक को ये नोटिस 12 अगस्त को दिया गया था। कुछ देर बहस होने के बाद मकान मालिक प्रदीप शाह मौके से फरार हो गया।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्या

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर




जयपुर पुलिस कमिश्नर की ओर से खोह-नागोरियान थाने में गुरुवार को जनसुनवाई हुई। पुलिस कमिश्नर ने आमजन की समस्याओं को सुनकर तुरंत निस्तारण कर राहत पहुंचाई। जनसुनवाई में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समस्याओं के तुरंत समाधान पर आमजन के चेहरों पर खुशी नजर आई।

**'कमिश्नर ने आमजन को दी राहत'** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ की ओर से खोह नागोरियान थाने में दोपहर 3-30 बजे जनसुनवाई शुरू की गई। इसमें पुलिस थाना बस्सी, कानोता, तुंगा, एयरपोर्ट, मालवीय नगर, जवाहर सर्किल, बजाज नगर, खोह-नागोरियान, आदर्श नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर और जामडोली क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की गई।

जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत सॉल्व करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना रहा। जनसुनवाई के दौरान एडिशनल कमिश्नर (फर्स्ट) मनीष अग्रवाल, डीसीपी (ईस्ट) संजीव नैन, एडिशनल डीसीपी (ईस्ट), एसीपी (बस्सी), मालवीय नगर और आदर्श नगर सर्किल से संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर की ओर से शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रताप नगर (जयपुर पूर्व), जयसिंह पुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व), वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम), मुहाना (जयपुर दक्षिण), आमेर (जयपुर उत्तर) महेश नगर (जयपुर दक्षिण), जामडोली (जयपुर पूर्व), झोटवाडा (जयपुर पश्चिम), श्याम नगर (जयपुर दक्षिण) एवं सांगानेर सदर (जयपुर दक्षिण) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# दुपहिया वाहन चुराने वाला वाहन चोर गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

श्याम नगर थाना पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर राकेश सैनी निवासी बयाना जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराया गया एक दुपहिया वाहन (बाइक) भी जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशा करने का आदि है और नशा पूर्ति के लिए वाहन चोरी की वारदात करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# सिख समाज - 39वां महान गुरमत समागम की तैयारियां जोर-शोर से



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

हीदा की मोरी स्थित गुरुद्वारा में श्री गुरु नानक सिख सभा के तत्वावधान में तीन दिवसीय 39वॉ महान गुरमत समागम भक्तिभाव के साथ मनायाज जाएगा। 19 से 21 सितम्बर तक चलने वाले इस 39वें महान गुरमत समागम में अकाल तख्त साहब के जत्थेदार सिंह साहब ज्ञानी कुलदीप सिंह गडगज्ज भी शामिल होगे। गुरुद्वारा हीदा की मोरी के प्रधान सरदार सुच्चा सिंह ने बताया कि जयपुर शहर का यह समागम पूरे देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी विख्यात है। जिसमें देश-विदेश से गुरु की संगत के साथ-साथ अन्य समाज धर्म के लोग भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हिस्सा लेकर अपने आप को धन्य समझते हैं। समागम में श्री दरबार साहिब अमृतसर एवं पथ प्रसिद्ध कीर्तनीय जत्थे, कथा विचारक रब्बी बाणी, गुरमत विचारों से संगत को गुरु चरणों से जोड़कर संगत में नैतिक मूल्य का विकास करते हुए मानव जीवन को ऊंचाई प्रदान करने का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि 19, 20 व 21 सितंबर को 5 सत्रों में आयोजित किया जाएगा। इस महान गुरमत समागम में भाई रविंद्र सिंह हजूरी रागी, श्री दरबार साहिब, भाई गुरदेव सिंह ऑस्ट्रेलिया, भाई सरबजीत सिंह पटना साहिब, भाई जगजीत सिंह बबीहा दिल्ली, बीवी जसप्रीत कौर पटियाला, भाई पवनदीप सिंह कानपुर, भाई करतार सिंह बाजपुरी दिल्ली, ज्ञानी हरबन सिंह कथा वाचक अलवर गुरु की बाणी से संगत को निहाल करेंगे। 19 सितंबर को सुबह 3 दिन से चल रहे श्री अखंड पाठ साहब का भोग पड़ेगा। उसके बाद 39वां महान गुरमत समागम की शुरुआत कीर्तन दीवान से की जाएगी।

# 33वाँ वार्षिक महोत्सव एवं विशाल भजन रस गंगा का आगाज आज से

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



राजधानी जयपुर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति (रजि.) जयपुर 33वाँ वार्षिक महोत्सव एवं विशाल भजन रस गंगा 19,20 व 21 सितंबर को खंडेलवाल कॉलेज शास्त्री नगर जयपुर प्रांगण में धूमधाम से मनाने जा रही है। बाबा के भक्तों द्वारा बाबा की पहली ज्योत 15 अगस्त 1992 को जगाई गई थी, तब से आज तक बाबा की पावन ज्योत प्रत्येक शनिवार को बाबा के किसी भी इच्छुक भक्त के निवास पर निरंतर जगाई जा रही है। जिसमें बाबा का अनुपम श्रंगार वह स्थानीय भजन प्रवाहको द्वारा सत्संग भी निरंतर किया जा रहा है। संस्था के संस्थापक सदस्य शंकर नाटाणी व राजू महरवाल ने बताया कि एक कमरे से शुरू हुई है यह संस्था श्याम जगत की अग्रणी संस्थानों में में अपनी एक विशेष पहचान बन चुकी है। संस्था के महामंत्री शंकर झालानी ने बताया कि संस्था द्वारा देश के लगभग सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों के अतिरिक्त विदेशो में भी बाबा का भव्य श्रृंगार व ज्योत जगा कर बाबा का गुणगान किया गया है। बाबा के इस भव्य वार्षिक उत्सव के प्रथम दिन 19 सितंबर 2025 को भव्य कलश यात्रा व 20,21 सितंबर 2025 को विराट भजन रस गंगा का आयोजन होगा। कलश यात्रा संयोजक कैलाश गुप्ता अशोक गुप्ता गिर्राज गुप्ता व अनुज गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा भव्य लवाजमें व फूलों से श्रृंगारित बाबा के रथ व अन्य झांकियां के साथ श्री राधा दामोदर जी के मंदिर पीतल फैक्ट्री से रवाना होकर खंडेलवाल कॉलेज शास्त्री नगर पहुंचेगी। इस कलश यात्रा में लगभग 2500 महिलाएं समान गणवेश में सिर पर कलश लिए बाबा का गुणगान व मंगल गीत गाते हुए चले चलेगी। उपस्थित भक्त समुदाय बाबा शाम का साज बाज के साथ कीर्तन करते हुए चलेंगे।

कार्यक्रम संरक्षक चन्द्रप्रकाश राणा व मनोज मुरारका दुर्गेश योगेश खंडेलवाल ने बताया कि कलश यात्रा का शुभारंभ भक्त शिरोमणि मैयाजी आनंदी देवी सारडा व श्रद्धेय महंत गोपाल दास महाराज काले हनुमान जी चांदी की टकसाल जयपुर के कर कमलों से बाबा की पावन आरती के पश्चात होगा। ललित प्रसाद दुर्गेश व योगेश खंडेलवाल ने बताया कि कलश यात्रा में बाबा के आगे हाथी घोड़े ऊंट व विशाल लवाजमा के साथ तीन बैंड मंगल ध्वनि बजाते हुए कलश यात्रा की शोभा बढ़ाएंगे।यात्रा में गणेश जी, हनुमान जी व बाबा का मुख्य रथ कलश यात्रा का मुख्य आकर्षण होगा। बाबा श्याम सरकार के रथ को संस्था के सदस्य अंकित गुप्ता की देखरेख में कोलकाता से आये हुए कारीगरों द्वारा देश विदेश से मंगाए गए फूलों से बहुत ही सुन्दर सजाया जावेगा। संस्था के संरक्षक रामबाबू कायथवाल एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री एस के शुक्ला ने बताया कि कलश यात्रा की स्वागत के लिए यात्रा मार्ग में 21 स्वागत गेट बनाए गये है जहां विशिष्ठ गणमान्य जनों, श्याम प्रेमियो व श्याम सेवी सस्थाओ द्वारा बाबा की आरती कर कलश यात्रा का स्वागत किया जाएगा। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश बड़ाया ने बताया कि कलश यात्रा में जयपुर के सभी समुदायों, अधिकारियों, राजनेताओ व सामाजिक संस्थाओं द्वारा आरती उतारी जाएगी और बाबा का स्वागत किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सुरेश पाटोदिया ने बताया कि मयूर काम्प्लेक्स के सामने कलश यात्रा के स्वागत के लिए एक विशाल मंच बनाया जाएगा।

जिस पर सर्व संप्रदाय व समाजों के गणमान्य जनों के अतिरिक्त प्रमुख राजनेताओं अधिकारियों व्यापारियों व सामान्य भक्तजनों की उपस्थिति रहेगी। इस विशाल मंच से कलश यात्रा पर फूलों की वर्षा होगी व लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क पर फूल बिछायें जाएंगे व उपस्थित समुदाय द्वारा 251 दीप जलाकर बाबा श्याम की आरती की जाएगी। सदैव की भर्ती इस वर्ष भी ये दृश्य श्याम भक्तों व उपस्थित जन-समुदाय के लिए अनूठा व एतिहासिक होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल व कोषाध्यक्ष हरिशंकर केदावत ने बताया कि रात्री 9 बजे कलश यात्रा खंडेलवाल कॉलेज पहुंचेगी जहां बाबा शाम की भव्य आरती होगी व कलशो को श्याम ज्योत के समक्ष रखा जाएगा। इस अनूठी विशाल कलश यात्रा से पूरी छोटी काशी श्याम मय में नजर आएंगी। वार्षिक उत्सव के संयोजक हरी किशन सुनीता टोडवाल ने बताया कि 20 और 21 सितंबर 2025 को विशाल भजनामृत महोत्सव का आयोजन होगा। इस महोत्सव की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है भक्तों के बैठने के लिए 150 फीट 150 फीट का विशाल डोम और चारों तरफ टैंट कि व्यवस्था कि गई हैं। संस्था के ओ पी बड़ाया ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा के श्रृंगार हेतु कोलकाता से कारीगर 15 दिन पूर्व से ही श्रृंगार की तैयारी में लगे हुए। श्याम भक्त इस बार बाबा के बहुत सुंदर अनुपम 5 नवीन दरबार के दर्शन कर पाएंगे जो बाबा केदारनाथ की थीम पर होगा।

कार्यक्रम सह संयोजक लक्ष्मी नारायण शर्मा व चैनसुख झालानी ने बताया श्याम दरबार में 20 सितंबर को शाम 7 बजे से विराट श्याम भजन रस गंगा आरंभ होगी जो 22 सितंबर को सुबह 6 बजे तक लगातार चलेगी।

# श्री विधाणी परिक्रमा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, पंगत प्रसादी में श्रद्धालुओं ने लगाया जयकारा



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

निकटवर्ती गोनेर रोड विधाणी स्थित श्री गोपाल सागर आश्रम में गुरुवार को लोक कलाकारों ने अनूठे भजन पेश कर समां बांध दिया। श्री विधाणी परिक्रमा महोत्सव के तहत आकाशवाणी के कलाकार अशोक शर्मा और शंकर शर्मा ने गुरु महिमा के भजन पेश किए। भजनों से भाव विभोर अनेक श्रद्धालु नृत्य कर भगवान को रिझाते रहे। महोत्सव के लिए आश्रम को रंग बिरंगी रोशनी से सजा दिया गया है। वहीं, झांकियों की सजावट का काम जोरों पर है। इस मौके पर लोक कलाकार कैलाश शर्मा छंदेल ने संत सतगुरु म्हारे एक बार पावणा पधारो सा.... और सतगुरु तेरे चरणों की यदि धूल जो मिल जाए .... सरीखे गुरु महिमा के भजन पेश कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। श्रद्धालु देर तक भजनों पर नृत्य कर भगवान को रिझाते रहे। ाश्रम के लक्ष्मी निधि सरजू बिहारी ने बताया कि श्री मिथिला बिहारी जी महाराज के नेतृत्व में 18 से 23 सितंबर तक श्री विधाणी परिक्रमा महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत आश्रम परिसर में अनेक कार्यक्रम शुरू हुए। शाम को भजन संध्या में कलाकारों ने भजन पेश किए। महोत्सव के तहत विभिन्न मठ-मंदिरों तथा धाम से पधारे संत-महात्माओं ने आशिर्वचन किया। भजन संध्या में आसपास ग्रामीण क्षेत्र सहित जयपुर व अन्य शहरों के श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर मिथिला बिहारी जी महाराज के सानिध्य में आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में एलोपैथी, होम्योपैथी और आयुष पद्धति से परामर्श कर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने निशुल्क दवाएं वितरित की।

**'खस और चंदन से महका आश्रम परिसर'** महोत्सव के लिए आश्रम परिसर में भव्य सजावट शुरू हो गई है। आश्रम में हर दिन सजीव पुष्पों से सजावट की जा रही है। पूरा परिसर खस और चंदन की महक से सुवासित हो रहा है। भगवान गोपालेश्वर महादेव की भव्य झांकी श्रद्धालुओं का मन मोह रही थी। गोपाल सागर के चरणामृत का वितरण किया गया।

# अपहरण और मारपीट कर लूटपाट करने वाली शातिर गैंग चार बदमाश गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जयपुर। कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और मारपीट कर लूटपाट करने वाली एक शातिर गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से वारदात में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों ने जयपुर के आस पास कई जगह पर इस तरह की लूट की वारदात करना कबूल किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और मारपीट कर लूटपाट करने वाली गैंग के शातिर बदमाश राजू मीना (33) निवासी दत्तवास जिला टोंक,लडडूराम मीना(28) निवासी लालसोट जिला दौसा,महेश प्रजापत निवासी शिवसिंह पुरा जिला दौसा और दिलखुश मीना निवासी लालसोट जिला दौसा को गिरफ्तार किया। वहीं इस मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपित डीके चांदा उर्फ दिलराज मीना (22) निवासी लालसोट जिला दौसा की तलाश की जा रही है।

# नकली सोना बेचकर 23 लाख रुपए की ठगी करने वाली महिला व्यवसायी गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकली सोना बेचकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में एक महिला व्यवसायी को गिरफ्तार किया है। कर्जा होने पर उसने उधारी चुकाने के लिए ठगी का प्लान बनाया था। मजबूरी बताकर नकली सोने को असली बताकर बेच नकदी उठा लिया। पुलिस गिरफ्तार महिला व्यवसायी से पूछताछ कर रही है। एसएचओ दलबीर सिंह ने बताया कि नकली सोना बेचकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपित महिला दीप्ति जैन (43) निवासी बजाज नगर को गिरफ्तार किया है। जो टोंक रोड पर वुमेंस हब के नाम से बुटीक का व्यवसाय करती है। व्यवसाय में काफी घाटा हो गया था और कर्जा होने पर उसने अपने परिचित सुनील जैन को ही ठगने का प्लान बताया। अपनी मजबूरी होने की बताकर 270 ग्राम सोने की 22 चैन खुद की खरीद शुदा बेचना बताया। असली की जगह नकली सोने की चेन बेचकर 23.66 लाख रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित सुनील जैन के चेक करवाने पर सोने के नकली होने का पता चला। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने थाने में मामल दर्ज करवाया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपित महिला व्यवसायी को पकडा।

# मालवेयर और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने मालवेयर हैकिंग और साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर आम जनता के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी का उद्देश्य लोगों को संभावित साइबर हमलों से सचेत करना और उनसे बचने के उपाय बताना है। एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी नकली वेबसाइट, मैलवेयर और फिशिंग हमलों का उपयोग करके लोगों को निशाना बना रहे हैं। ये हमले आमतौर पर स्मार्टफोन, लैपटॉप, बैंकिंग ऐप्स या सोशल मीडिया के माध्यम से लिंक भेजकर किए जाते हैं। एक बार जब उपयोगकर्ता इन लिंक पर क्लिक करता है, तो मैलवेयर उसके डिवाइस में प्रवेश कर जाता है, जिससे उसकी व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी खतरे में पड़ जाती है।

**'ई-स्कैन बोट रिमूवल ऐप का उपयोग'** एडवाइजरी में ऐसे हमलों से बचने के लिए एक सरल और प्रभावी तरीका सुझाया गया है- ई-स्कैन बोट रिमूवल ऐप का उपयोग करके अपनी डिवाइस को स्कैन करना। अपने मोबाइल या कंप्यूटर में ई-स्कैन बोट रिमूवल ऐप खोलें और मुख्य स्क्रीन पर %स्कैन% का विकल्प चुनें। फुल स्कैन विकल्प पर टैप करें, स्कैन पूरा होने पर, ऐप एक रिपोर्ट दिखाएगा जिसमें पाए गए बॉट्स, मैलवेयर या संदिग्ध फ़ाइलों की जानकारी होगी। रिपोर्ट के आधार पर आप रिमूव या डिलीट बटन दबाकर इन हानिकारक फ़ाइलों को हटा सकते हैं।

# गलता जी में पवित्रोत्सव के दूसरे दिन अग्नि स्थापना कर किया पंच सूक्त से हवन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



उत्तर भारत की प्रमुख श्रीवैष्णव पीठ, उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी में परम्परा से मनाए जा रहे पवित्रोत्सव में दूसरे दिन गुरुवार को तमिलनाडु एवं नेपाल से पधारे विद्वानों ने श्री विश्वकसेन पूजन, पुण्याहवाचन, नव-कलश स्थापना, भगवदाराधना, अग्निस्थापना, पंच सूक्त से हवन, श्री लक्ष्मी-नृसिंह यज्ञ एवं अष्टोत्तरशत तुलसी अर्चन करवाया। वाद्य कला में दक्ष कलाकार, पाक शास्त्री भी तमिलनाडु से आएं हैं। पवित्रोत्सव के प्रथम दिवस तिरूमंजन, मृदाहरण, अंकुरारोपण एवं यज्ञशाला प्रवेश हुआ। शुक्रवार को तीसरे दिन पंच सूक्त, अष्टाक्षरी, द्वयमंत्र से हवन में आहुतियां प्रदान की जाएंगी। सर्वारिष्ट शमनार्थ श्री सुदर्शन यज्ञ के बाद अर्चना की जाएगी। श्री गलता पीठ अंतर्गत श्रीरामानुजाचार्य वेदान्त गुरुकुल, श्री गलता पीठ के अर्चक तथा श्री वैष्णव मण्डल के संयुक्त सहयोग से यह उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।

**'प्रायश्चित के लिए पवित्रोत्सव का विधान'** गालव आश्रम के स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि पवित्रोत्सव का मूल प्रयोजन दैनिक पूजा-अर्चना में अनजाने में हुए अपचारों का प्रायश्चित कर भगवान की विशेष कृपा प्राप्त करना है। श्री रामानुज श्री वैष्णव संप्रदाय में यह मान्यता है कि भक्त भागवत जन द्वारा मनाए जाने वाले उत्सवों का उद्देश्य केवल लौकिक नहीं, अपितु अलौकिक फल मोक्ष (भगवद् सायुज्य एवं भगवान की नित्य सेवा) प्राप्त करना है।

उन्होंने बताया कि मठ-मंदिरों में आचार्य, अर्चक एवं परिचारकगण सेवा करते समय त्रुटियों के पात्र हो सकते हैं।

उनके परित्राण के लिए वेदाज्ञानुसार यज्ञ एवं हवन किए जाते हैं। यज्ञ-हवन से वातावरण शुद्ध होता है एवं लोककल्याण की भावना साकार होती है। इन्हीं भावनाओं से प्रेरित होकर श्रीभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानुजाचार्य स्वामी जी ने इस पवित्रोत्सव को मनाने की आज्ञा दी थी।

**शास्त्री नगर डाकघर में आयोजित कार्यक्रम ने मुख्य अतिथि रहे सिविल लाइंस विधायक**

# विधायक गोपाल शर्मा ने किया नुक्कड़ नाटक कलाकारों का सम्मान

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



जयपुर शहर में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए भारतीय डाक विभाग, जयपुर नगर मंडल द्वारा स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सिविल लाइंस से विधायक गोपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में भारतीय डाक विभाग की भूमिका को अभूतपूर्व करार देते हुए जोरदार प्रशंसा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल पर्यावरण की शुद्धता का प्रतीक नहीं, बल्कि यह स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत और सशक्त भारत की नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन-आंदोलन बन चुका है। भारतीय डाक विभाग ने इस मिशन को हर गली-नुक्कड़ तक पहुंचाने में अनुकरणीय योगदान दिया है। उन्होंने स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण का मूलमंत्र बताते हुए सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने नुक्कड़ नाटक के कलाकारों को उनके रचनात्मक और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी कला के माध्यम से स्वच्छता के प्रति समाज में सकारात्मक बदलाव की लहर पैदा की। विधायक शर्मा ने उत्साहपूर्वक कहा कि नुक्कड़ नाटक जैसे जीवंत माध्यम समाज को जागृत करने का सबसे शक्तिशाली हथियार हैं।

भारतीय डाक विभाग ने इन कलाकारों के जरिए स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाकर एक मिसाल कायम की है। विधायक शर्मा ने भारतीय डाक विभाग को राष्ट्र की नब्ज बताते हुए कहा कि यह विभाग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं–स्वच्छ भारत मिशन, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं–को ग्रामीण और शहरी भारत के हर कोने तक पहुंचाने में एक मजबूत सेतु की भूमिका निभा रहा है। शर्मा ने कहा कि डाकघरों के माध्यम से जागरूकता अभियान, डिजिटल सेवाओं का विस्तार और सामाजिक संदेशों का प्रसार इस बात का प्रमाण है कि डाक विभाग अब केवल पत्रों का वाहक नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का दूत बन चुका है। कार्यक्रम के अंत में भारतीय डाक विभाग, जयपुर नगर मंडल के प्रवर अधीक्षक मोहन सिंह मीणा ने विधायक गोपाल शर्मा का अभिनंदन करते हुए उनके प्रेरक नेतृत्व और सहयोग के लिए गहरा आभार व्यक्त किया।

# महामति श्री प्राणनाथ प्राकट्य महोत्सवः निकली विशाल शोभायात्रा



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

श्री परनामी पंचायत,श्री छत्रसाल प्रणामी नवयुवक सभा ,श्री बाईजु राज महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में महामति श्री प्राणनाथ प्राकट्य महोत्सव के पंच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय दिवस जवाहर नगर स्थित श्री प्रणामी मंदिर से विशाल शोभायात्रा आरंभ हुई । सभा के अध्यक्ष ललित भगत ने बताया कि शोभा यात्रा की शुरुआत आरती से हुई । एक झांकी में श्री राधा कृष्ण झूले में झूल रहे थे, अन्य झांकी में महामती प्राणनाथ जी का चित्र सुशोभित था । मुख्य झांकी में श्री राधा कृष्ण जी सुंदर फूलों की झांकी में विराजमान थे । श्री प्राणनाथ प्यारे की ...जय श्री कृष्ण कन्हैया लाल की जय...., जय कारों से वातावरण गूंज उठा । शोभा यात्रा जवाहर नगर से होकर पंचवटी सर्किल पहुंची जहां महाआरती हुई। श्री प्राणनाथ प्रणामी विद्यालय के बच्चे भी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए । महाआरती में अशोक परनामी , रवि नय्यर,स्वाति परनामी अनिल खुराना, महेश पोपली ,अशोक भगत ,बृजमोहन मदान ,अनिल तनेजा कमल परनामी,आलोक परनामी ,मनोज सुखीजा ,मुकेश सुखीजा, सुधीर आहूजा ,हिमांशु तनेजा सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे। शोभा यात्रा का समापन राजा पार्क स्थित श्री कृष्ण परनामी मंदिर में हुआ जहां भंडारे का आयोजन हुआ।

### राजस्थान को मिलेगी 2 वन्दे भारत सहित कुल 3 एक्सप्रेस ट्रेनें

# पीएम मोदी 25 सितंबर को माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयत्र का करेंगे शिलान्यास

■ देश को 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की मिलेगी सौगात

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितम्बर को बांसवाड़ा से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार की लगभग 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देने जा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयत्र का शिलान्यास करेंगे, जो कि प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मोदी राजस्थान सहित कई राज्यों की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं भी देशवासियों को समर्पित करेंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित बांसवाड़ा दौरे (25 सितंबर) की तैयारियों को लेकर शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी तय जिम्मेदारियों के अनुसार काम कर कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करें।

**प्रधानमंत्री का पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों से होगा संवाद**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी बीकानेर-दिल्ली केन्ट वन्दे भारत एक्सप्रेस, जोधपुर-दिल्ली केन्ट वन्दे भारत एक्सप्रेस एवं उदयपुर सिटी-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करेंगे। इस कड़ी में बीकानेर, जोधपुर एवं उदयपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण की जाए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों एवं प्रधानमंत्री के मध्य संवाद कार्यक्रम के लिए भी ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।बैठक में शर्मा ने कहा कि आयोजन स्थल पर आमजन के लिए बैठक, पेयजल, आवागमन सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे किसी भी तरह की असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा के तहत सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गृह और परिवहन विभाग यातायात प्रबंधन एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्थाएं करें। इसके लिए विशेष तौर पर अधिकारी भी नियोजित किए जाएं।

**जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत तक मुख्य कार्यक्रम से जुड़ें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुख्य कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के माध्यम से सभी जिला मुख्यालयों, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पर्यटन, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं संचार विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे तथा संभागीय आयुक्त उदयपुर एवं जिला कलक्टर बांसवाड़ा वी.सी. के माध्यम से जुड़े।

### कोटा में 'नमो टॉय बैंक' का शुभारंभ, बच्चों द्वारा बच्चों के लिए अनूठी पहल

## वंचित बच्चों तक खिलौनों के साथ खुशियां भी पहुंचाएगा नमो टॉय बैंक : बिरला

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कोटड़ी रोड, गुमानपुरा स्थित परिधान उपहार केंद्र पर 'नमो टॉय बैंक' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरे की मुस्कान हम सबके लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से प्रेरणा लेकर हमारा संकल्प है कि कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र का कोई भी बच्चा वंचित न रहे और हर घर में खुशी और आत्मसम्मान का वातावरण बने।

बिरला ने कहा कि बच्चों द्वारा बच्चों के लिए शुरू हुए इस टॉय बैंक के माध्यम से विद्यालयी बच्चे अपने खिलौनों के साथ-साथ खुशियां भी उन मासूमों तक पहुंचाएंगे, जो संसाधनों से वंचित हैं, पर खुशियों के उतने ही हकदार हैं जितने वे स्वयं हैं। हमारे बच्चों की मुस्कान में ही भारत का



उज्वल भविष्य बसता है। नमो टॉय बैंक उसी सोच का साकार रूप है। नमो टॉय बैंक के लिए शहर के स्कूली बच्चों ने हजारों की संख्या में अपने पुराने खिलौने भेंट किए है, मैं इसमें सहभागी बने सभी बच्चों, उनके शिक्षकों और अभिभावकों का भी हृदय से धन्यवाद करता हूं। इस दौरान शिवज्योति ग्रुप के महेश गुप्ता, सहोदय कॉम्पलेक्स के अध्यक्ष प्रदीप सिंह गौड़, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्कूलों के संचालक, प्रतिनिधि व विद्यार्थी मौजूद रहे।

**सेवा और संवेदना की भावना मजबूत करेगा टॉय बैंक**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा इस पहल के माध्यम से बच्चों में सेवा, नेतृत्व और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्य विकसित होंगे, जो उनके जीवन को दिशा देने के साथ समाज को भी मजबूत करेंगे। यह केवल खिलौनों का संग्रह नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और साझेदारी की उस संस्कृति का विस्तार है, जो हमारे बच्चों को बचपन से ही समाज के प्रति जिम्मेदार बनाएगी।

**वंचितों की तकलीफ दूर करने की कोशिश हो**

विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि यह पहल स्पीकर बिरला की संवेदनशीलता को परिभाषित करती है कि किस तरह एक जनप्रतिनिधि समाज के हर वर्ग की चिंता करता है। यह केवल खिलौने भेंट की पहल नहीं है, बल्कि बचपन से ही बच्चों में संवेदना और साझा करने का संस्कार जगाने का प्रयास है। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि समाज में ऐसी परंपरा नियमित रूप लें तो हम हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लौचा सकेंगे। स्पीकर बिरला के हर प्रकल्प समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समर्पित है।

## राहुल गांधी की कथित मोहब्बत की दुकान, अशोक गहलोत की राजनीति का सच आया सामने : शेखावत

■ जोधपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की अमर्यादित भाषा पर बोले केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जोधपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की अमर्यादित भाषा को लेकर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि राहुल गांधी की कथित मोहब्बत की दुकान और अशोक गहलोत की राजनीति का सच सामने है। गुरुवार को अपने एक बयान में शेखावत ने कहा कि जोधपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की गाली-गलौज वाली भाषा हम भाजपा कार्यकर्ताओं के माता-पिता और परिवार पर अति निंदनीय, शर्मनाक और अस्वीकार्य है। लगातार हार और अपनी ही पार्टी में अकेला पड़ने की खीझ में गहलोत जी आजकल अपने खास लोगों को यही असभ्यता सीखा रहे हैं। वे जानबूझकर हमारे परिवार को निशाना बना रहे हैं। इस तरह की भाषा से हमारे परिजन अपमान महसूस करते हैं। इस तरह की भाषा से हमारे परिजन अपमान महसूस करते हैं। उनके मन में आता है कि दलगत राजनीति में उन्हें क्यों बेइज्जत किया जा रहा है केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि पूरे देश में दिख रहा है कि आजकल अपशब्द और अपमान ही कांग्रेस की राजनीति का हथियार है। भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवार का यह अपमान जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

### न्यूज़ ब्रीफ

**सेवा पखवाड़ा के तहत बच्चों से संवाद कर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने दिया सेवा और समर्पण का संदेश**



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माचवा में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान सभी ने बच्चों संग भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ बहुत मनमोहक रंगोली बनाई। जिसे देखकर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ को अत्यंत प्रसन्नता हुई।कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ को सभी वरिष्ठजनों ने ऐसे ही निरंतर राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के पथ पर अग्रसर होने का आशीर्वाद दिया। इस विशेष कार्यक्रम में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सभी के साथ सेवा, समर्पण, राष्ट्रनिर्माण और विकसित भारत के महत्व पर प्रेरक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी और योगदान की भावना को मजबूत करने का अभियान है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, अनुशासन और समाजसेवा को जीवन का आधार बनाने का संदेश देते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं। उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जरूरतमंदों की मदद जैसे सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे और उन्होंने कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के प्रेरक उद्बोधन को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

**मंगला पशु बीमा योजन से पशुधन सुरक्षित, भविष्य सुनिश्चित ग्रामीण सेवा शिविर में शकुन्तला को मिली पशु बीमा पॉलिसी**




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

धौलपुर की बसेड़ी ग्राम पंचायत के झील गांव निवासी शकुन्तला देवी परिवार की अतिरिक्त आय के लिए भैंस पालती है क्योंकि वह और उसका पति पीतम सिंह अपनी छोटी सी जोत के कारण खेती पर निर्भर नहीं रह सकते। किसी भी पशु की मृत्यु उसके परिवार की आर्थिक स्थिति को परेशानी में डाल देती है लेकिन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की दूरगामी सोच से राज्यभर में 17 सितम्बर से संचालित ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के पहले ही दिन शकुन्तला की दोनों भैंसों का मंगला पशु बीमा किया गया। झील के अटल सेवा केन्द्र में आयोजित शिविर से पहले ही पशुपालन विभाग के कार्मिक शकुन्तला समेत ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर पहुंचे तथा उन्होंने सूची बनाई कि किस परिवार को किस योजना का पात्र होने के बावजूद अभी तक लाभ नहीं मिला है। इस योजना में बीमित गाय, भैंस और ऊंट का 40 हजार रूपये तथा बकरी व भेड़ का 4 हजार रूपये का 1 वर्ष अवधि के लिए निःशुल्क बीमा किया जाता है। शकुन्तला ने राज्य सरकार की इस योजना का निःशुल्क लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

**वर्षों पुराना विवाद खत्म, हनुमानगढ़ के नेठराना में ग्रामीणों की बरसों पुरानी समस्या का हुआ समाधान**



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

हनुमानगढ़ जिले के भादरा स्थित न्यांगल में लगे ग्रामीण सेवा शिविर में नेठराना के किसानों की बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। नेठराना गांव में 12 किसानों के बीच 55 किला भूमि के बंटवारे को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा था। इसमें चक 1 बारानी नेठराना, 7 एनटीआर और 8 रास्तों की भूमि सम्मिलित थी। आपसी असहमति और मनमुटाव के चलते यह प्रकरण लंबे समय से लंबित था और किसानों के बीच तनाव का कारण बना हुआ था।

### प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं कल्याण के लिए कटिबद्ध- पटेल

## संसदीय कार्य मंत्री ने धवा के बड़ला नगर के ग्रामीण सेवा शिविर का किया अवलोकन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार को जोधपुर जिला स्थित पंचायत समिति धवा की ग्राम पंचायत बड़ला नगर के कुमारिया नाडा विद्यालय परिसर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन किया। पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान एवं कल्याण के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन के वर्षों से लम्बित कार्य हाथों-हाथ किए जा रहे है। शिविरों में गरीब कल्याण और सर्वस्पर्शी विकास की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। पटेल ने कहा शिविरों में आपसी सहमति से विभाजन, नामांतकरण और रास्ते खोलने जैसे कार्य भी आसानी से हो रहे है। उन्होंने कहा किसान गिरदावरी ऐप द्वारा गिरदावरी की जा रही है । उन्होंने कहा इन शिविरों में क्षतिग्रस्त स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, छात्रावासों और सड़कों के सुधार के कार्य भी किए जा रहे है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि एनएफएसए के लंबित प्रकरणों का निस्तारण और आधार सीडिंग की जा रही है।उन्होंने कहा शिविर में पशुओं की जांच, इलाज एवं टीकाकरण और विधायक, सांसद



स्थानीय क्षेत्र कार्यक्रम और क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम द्वारा स्कूलों के मरम्मत कार्य स्वीकृत किए जा रहे है।

**दिव्यांग पूनमपुरी को सौंपा पेंशन का पीपीओ**

शिविर में संसदीय कार्य मंत्री ने पांच लाभार्थियों को मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसी, चार लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के तहत दिव्यांग पूनमपुरी को पेंशन का पीपीओ वितरित किया गया।

**शुद्धि के 8 एवं सहमति विभाजन 2 प्रकरणों पर हाथों-हाथ हुई कार्यवाही**

झंवर तहसीलदार देवाराम ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 15 नामांतरण के प्रकरणों,शुद्धि के 8 प्रकरणों एवं 2 सहमति विभाजन के प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही कर काश्तकारों को राहत प्रदान की गई। साथ ही 7 मूल निवास प्रमाण पत्र और 6 जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए।

## वाणिज्यिक कर विभाग की बड़ी कार्रवाई कर 9 करोड़ 59 लाख की जीएसटी चोरी पकड़ी, फर्जी चालान व ई-वे बिल से आयरन स्क्रेप की फर्जी खरीद दिखाई

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य में बोगस, फेक फर्मों द्वारा की जा रही राजस्व क्षति रोकने के लिए राज्य कर विभाग सर्तक है। विभाग के मुख्य आयुक्त कुमार पाल गौतम के निर्देशन में इस सम्बंध निरन्तर की जा रही कार्रवाई की कड़ी में प्रवर्तन शाखा प्रथम की टीम ने जयपुर स्थित विश्वकर्मा इण्डस्ट्रियल एरिया में आयरन एवं स्क्रेप का कागजी कारोबार करने वाली दो फर्मों बाबा मैटल्स तथा खण्डेलवाल एण्टरप्राईजेज पर एक साथ सर्च और सर्वे की कार्रवाई की।

मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर 29 सितम्बर तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। मुख्य आयुक्त ने बताया कि कार्रवाई से पूर्व विभाग ने जीएसटी पोर्टल पर दोनों फर्मो के खरीद फरोख्त संबंधी आंकडो का विश्लेषण किया तथा अपने गुप्त स्त्रोतों से इन फर्मो की व्यापारिक गतिविधियों की सूचना जुटाई ।

इस दौरान पाया गया कि दोनों फर्मो का संचालन मास्टरमाइंड महेन्द्र खण्डेलवाल द्वारा किया जा रहा है। विभागीय जांच में स्पष्ट हुआ कि महेन्द्र खण्डेलवाल द्वारा अपनी दोनों फर्मो में कूटरचित बोगस बिलों के आधार पर कुल 53 करोड़ 27 लाख रूपये की खरीद दिखाकर 9 करोड़ 59 लाख रूपये की राजस्व हानि की गई है। महेन्द्र खण्डेलवाल ने सुनियोजित तरीके से राज्य के बाहर स्थित आयरन एवं स्क्रेप के बोगस कारोबारियों से संबंध स्थापित किये।

### सेवा पखवाड़ा में राजस्थान ने कायम की मिसाल

## 25 हजार के लक्ष्य से ज्यादा रक्तदान कर निभाया सामाजिक सरोकार

### प्रदेश में एक ही दिन में 27 हजार 629 लोगों ने किया रक्तदान

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 सितम्बर से शुभारम्भ किये गए सेवा पखवाड़ा के तहत प्रथम दिन आयोजित रक्तदान शिविरों में राजस्थान ने लक्ष्य से अधिक रक्त एकत्र कर मिसाल कायम की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित रक्तदान शिविरों में 25 हजार यूनिट के लक्ष्य के विरुद्ध एक ही दिन में लोगों ने 27 हजार 629 यूनिट रक्तदान कर जीवन रक्षा की दिशा में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

सबसे अधिक बीकानेर संभाग में 6 हजार 539 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर



से सेवा पखवाड़ा के तहत सभी जिलों में स्वास्थ्य शिविरों के साथ-साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित किए गए। इन स्वास्थ्य शिविरों में लाखों लोगों ने न केवल निःशुल्क जांच एवं उपचार सेवाओं का लाभ लिया, बल्कि रक्तदान शिविरों में बढ़चढ़ कर रक्तदान करते हुए सामाजिक सरोकारों को निभाया और अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बीकानेर संभाग में 6 हजार 539, जयपुर संभाग में 6 हजार500, जोधपुर संभाग में 4 हजार 904,अजमेर संभाग में 3 हजार 225, उदयपुर संभाग में 3 हजार 148 ,सहित कुल 27 हजार629 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

**जोगाराम पटेल ने सांगरिया में ड्रेनेज का किया निरीक्षण**

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार को ग्राम पंचायत सांगरिया में सीवरेज के गंदे पानी की निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था का जायजा लिया। पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ हर समस्या का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा सांगरिया में सीवरेज के पानी की त्वरित निकास से आमजन को राहत मिली है। उन्होंने कहा नगर निगम द्वारा अस्थाई एवं त्वरित समाधान के लिए हेलीपेड सर्किल से कुड़ी नाले में आवश्यक संसाधन लगाकर गंदे पानी की निकासी की जा रही है।

## वोट चोरी करने वाले को बेरोजगारी और महंगाई की चिंता नहीं : उदय भानु चिब

■ यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने वोट चोरी मुद्दा उठाया और भाजपा को जमकर घेरा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

कांग्रेस की ओर से पूरे देश में चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत गुरुवार को बीकानेर पहुंचे यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उदय भानु चिब ने कहा कि वोट चोरी एक गंभीर मुद्दा है और राहुल गांधी ने एक सही मुद्दा उठाते हुए लोगों की पीड़ा को साझा किया है। सरकार को सब पता है, चुनाव आयोग को सब पता है।

**नहीं सुन रहे आवाज**

उन्होंने कहा कि लगातार हम आवाज उठा रहे हैं कि टैक्स की मार, बेरोजगारी को दूर करो, लेकिन यह लोग इस पर ध्यान नहीं देते। इन्हें पता है कि वोट चोरी करके इन्होंने सरकार बनाई है और टैक्स की मार और वोट की चोरी और बेरोजगारी से इनका कोई सरोकार नहीं है। सरकार में आने के लिए इन्हें वोट की नहीं बल्कि वोट




चोरी की जरूरत है, इसलिए यह जनता की आवाज को नहीं सुन रहे हैं। यह जानते हैं कि फिर से वोट चोरी करके सरकार बना लेंगे, लेकिन इस बार यूथ कांग्रेस का कार्यकर्ता इन्हें रोकेगा और वोट की चोरी नहीं करने देगा।

**बैक डोर एंट्री**

चुनाव आयोग पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि विपक्ष के नेता और ष्छ्छ्ढ की कमेटी के बिना ही चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति हो गई। आरोप लगाया कि बैक डोर से हुई एंट्री के बाद अब चुनाव आयोग पिट्ठू के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग खुद वोट चोरी करवा रहा है। इसलिए जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। देश का संविधान वोट की ताकत से है और वोट चोरी चुनाव से भी बड़ा मुद्दा है।

**पार्टी के भीतर लोकतंत्र**

कांग्रेस के अग्रिम संगठनों में यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई में चुनाव प्रक्रिया से पदाधिकारी बनने से पार्टी को होने वाले नुकसान के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है और यह बहुत अच्छी बात है। खुद का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र के चलते ही वह आज इस पद पर हैं और अगर केवल मनोनयन होता तो उनका नंबर नहीं आता।

### राजफेड की समीक्षा बैठकः आगामी दलहन-तिलहन खरीद के लिए आवश्यक तैयारियां करें सुनिश्चित

## आवश्यकता के अनुरूप खरीद केन्द्रों की संख्या में की जाए वृद्धि , खरीद प्रक्रिया में बायोमीट्रिक सिस्टम किया जाए लागू : सहकारिता मंत्री

■ खरीद की संभावित मात्रा के अनुरूप बारदाने का रखें पर्याप्त इंतजाम




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि खरीफ-2025 सीजन में समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत आगामी दलहन-तिलहन खरीद के लिए अभी से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आवश्यकता के अनुरूप खरीद केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की जाए, जिससे किसानों को अपना माल तुलवाने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। दक गुरूवार को राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ (राजफेड) कार्यालय में संस्था से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने राजफेड अधिकारियों को निर्देश दिए कि मूंग, मूंगफली, उड़द और सोयाबीन खरीद की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से शुरु करने के लिए पूरी तैयारी रखी जाए। एक्टिव पैक्स को खरीद केन्द्रों के रूप में अधिसूचित किया जाए। साथ ही, किसानों की बायोमीट्रिक पहचान की प्रक्रिया को भी इसी माह पूरा कर आगामी खरीद से लागू कर दिया जाए। उन्होंने पिछली खरीद में जिन स्थानों से शिकायतें प्राप्त हुई, वहां पर नया टेंडर




करने एवं हैण्डलिंग व परिवहन के टेंडर में नये लोगों को अवसर देने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रभावी सिस्टम तैयार किया जाए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि खरीद प्रक्रिया में शामिल एजेंसियां पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। कृषि विभाग से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के अनुरूप आकलन कर पर्याप्त संख्या में खरीद केन्द्र स्थापित किये जाएं, जिससे किसानों को लाइन में नहीं लगना पड़े। खरीद की संभावित मात्रा के अनुरूप बारदाने का भी पर्याप्त इंतजाम रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि समितियों को भुगतान के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाते हुए समय सीमा निर्धारित की जाए। उन्होंने राजफेड द्वारा नई गतिविधियां शुरू करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजफेड की उपलब्ध भूमियों का विवरण तथा उनके बेहतर उपयोग से संबंधित कार्ययोजना तैयार की जाए। सहकारिता मंत्री ने बैठक में दलहन-तिलहन खरीद की कार्ययोजना, खरीद केन्द्रों की स्थिति, भण्डारण व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, विगत वर्षों में दलहन-तिलहन की खरीद, हैण्डलिंग एवं परिवहन व्यवस्था, वित्त व्यवस्था और नवाचारों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि तिलम संघ की साफ-सुथरी पृष्ठभूमि वाली एक्टिव सोसायटियों को भी खरीद प्रक्रिया में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि खरीद कार्य करने वाली समितियों को समय पर भुगतान हो, इसके लिए राजफेड को संवेदनशील होकर कार्य करने की आवश्यकता है। राजफेड के प्रबंध संचालक टीकम चन्द बोहरा ने बताया कि खरीद प्रक्रिया निर्बाध रूप से सम्पन्न करने के लिए आवश्यक तैयारियां जारी हैं। बारदाना के लिए ऑर्डर दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही के लिए विजिलेंस टीम का गठन किया हुआ है। प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में राजफेड के अधिकारियों ने अवगत करवाया कि बारदाने की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित रखने के लिए इस बार राजफेड के स्तर पर भी फर्मों को इम्पैनल किया गया है, जिनसे आवश्यकता पड़ने पर बारदाना की खरीद की जा सकेगी।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )

CMYk